an>

Title : Need to accord environmental clearance to Uranium Corporation of India Limited mines at Jaduguda, Jharkhand.

श्री विद्युत वरन महतो (जमशेदपुर) ः मेरे संसदीय क्षेत्र जमशेदपुर (झारखण्ड) का जादूगोड़ा, आदिवासी बाहुल्य गरीब एवं उग्रवाद प्रभावित अत्यन्त पिछड़ा क्षेत्र है। यहाँ पर यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड (यू.सी.आई.एल.) की जादूगोड़ा खान वर्ष 1967 से चालू की गई थी, जो कि विगत 7 सितम्बर, 2014 से वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की वनीय स्वीकृति नहीं मिलने के कारण बंद पड़ी हुई है, जिसके कारण वहाँ का आम जन-जीवन काफी प्रभावित है। वहाँ के लोगों के समक्ष बेरोज़गारी की समस्या उत्पन्न हो गई है। इस सम्बन्ध में पूर्व में भी मैंने माननीय वन एवं पर्यावरण मंत्री जी से मिलकर उन्हें समस्या से अवगत कराया है लेकिन अभी तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

अतः मैं माननीय मंत्री, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार से मांग करता हूँ कि उपर्युक्त विषयक को देखते हुए अविलम्ब बंद पड़े यू.सी.आई.एल. के जादूगोड़ा खान को वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की वनीय स्वीकृति दिलाने की कृपा की जाये।